तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार, 16 सितंबर 2025
भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 तालाकुर्रा प्रांतीय संगीतमय रामधुनी...



14 वनाधिकार पत्रक के लिए पंचायतों में प्रदर्शन...



## खबर संक्षेप



### 28वीं वाहिनी ने परिसर में किया पौधारोपण

**अंतागढ़।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत 15 सितम्बर को 28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ के परिसर में भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान में अधिकारियों एवं जवानों द्वारा विभिन्न प्रकार के छायादार, फलदार और औषधीय पौधे लगाए गए। इस अवसर पर कमांडेंट अरुण देवगम, द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश कुमार व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं जवानों ने भाग लिया और स्वेच्छा से पौधे रोपित किए। कमांडेंट ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण में योगदान देने प्रेरित किया।

### गैर संचारी रोग पर दिया गया प्रशिक्षण



**नरहरपुर।** गैर-संचारी रोगों एनसीडी, स्वस्थ जीवन शैली और स्वस्थ आहार पर एक प्रशिक्षण सत्र गांधी साथी अमृता दास द्वारा ईएमआरएस नरहरपुर में आयोजित किया गया था। सत्र के मुख्य वक्ता नरहरपुर के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर बीएमओ डॉ भूपेंद्र ध्रुवा ने उच्च रक्तचाप, मधुमेह और एनीमिया जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य चिंताओं पर छात्रों और शिक्षकों दोनों को संबोधित किया। उन्होंने नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर प्रकाश डाला और संतुलित पोषण और शारीरिक गतिविधि सहित स्वस्थ आदतों को अपनाने को प्रोत्साहित किया। प्रतिभागियों ने दैनिक जीवन में स्वस्थ दिनचर्या को अपनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की जो व्यक्तिगत कल्याण और सामुदायिक स्वास्थ्य के लिए दीर्घकालिक लाभ सुनिश्चित करती है।

### सरपंच ने तेरहवी बार किया रक्तदान



**दुर्गूकोंदल।** कोमलदेव अस्पताल में इलाज करवा रही ग्राम तुमड़ा ब्लॉक कोयलीबेड़ा की निवासी फुलबाई टांडिया को राऊरवाही सरपंच बलराम टेपरिया ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश किया। यह उनका 13वां रक्तदान है, जो उनकी सामाजिक सेवा और मानवता के प्रति समर्पण को दर्शाता है। सरपंच ने इसके पहले भी कई बार जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आए हैं। उनके इस पुनीत कार्य ने न केवल मरीज की जान बचाई, बल्कि समाज को यह संदेश दिया कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। सरपंच का मानना है कि रक्तदान से शरीर में नई ऊर्जा आती है और यह दूसरों की जिंदगी बचाने का माध्यम बनता है।

### मिनी माता सम्मान के लिए 26 तक मौका

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं विशेष रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला, अशासकीय संस्था से मिनी माता सम्मान महिला उत्थान के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 26 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इस योजना के तहत एक महिला या संस्था को 02 लाख रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। विस्तृत जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

## सियासत : सांसद एवं भाजपा के पदाधिकारी एफआईआर दर्ज कराने कई घंटे डटे रहे

# भाजपा के राष्ट्रीय नेता का वीडियो अपलोड करने पर एफआईआर हुआ दर्ज, कांग्रेस ने की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

**खास बातें**

- कांग्रेस ने एफआईआर रद्द कराने थाने में जमकर की नारे बाजी
- भाजयुमो पदाधिकारी बीती रात थाने परिसर में पुलिस के खिलाफ की नारे बाजी
- कांग्रेसियों ने कहा- भाजपा नेताओं के दबाव में बेवजह दर्ज हुई एफआईआर



फेसबुक में भाजपा के राष्ट्रीय नेता का एक वीडियो कांग्रेस के सोशल मीडिया प्रभारी ने अपलोड किया, इस पर भाजपा शहर मंडल के अध्यक्ष ने 13 सितंबर को कांग्रेस के सोशल मीडिया प्रभारी पर अपराध दर्ज करने का आवेदन सौंपा। सांसद एवं भाजपा पदाधिकारी 14 सितंबर की रात को अपराध दर्ज कराने कई घंटे डटे रहे, अंततः एफआईआर दर्ज होने के बाद थाने से गए। इसकी खबर मिलते ही कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी 15 सितंबर को कांकेर थाना पहुँचकर विरोध जताया और गलत एफआईआर को निरस्त करने की माँग की। थाना कांकेर में 13 सितंबर को शिकायत करने पहुंचे भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष दिनेश रजक ने लिखित में पुलिस को आवेदन दिया कि कांग्रेस के युवक के द्वारा फेसबुक पर विडियो पोस्ट किया गया है, जिसमें मेरे संगठन मेरे नेता के संबंध में झूठे भ्रामक और मानहानिकारक आरोप लगाए गए है। उक्त पोस्ट को पढ़कर हमारे कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। कभी भी लोक शांति भंग हो सकती है और हमारी भावनाओं को काफी ठेस पहुंची है। फेस बुक पर पोस्ट करने से कार्यकर्ताओं नाराजगी व्याप्त है व किसी भी प्रकार की विपरीत परिस्थितियां निर्मित हो सकती है। वह विडियों 13 सितंबर को रात 1 बजें फेसबुक पेज अजय भासवानी की प्रोफाईल पर अपलोड है। इस वीडियो के माध्यम से झूठे तथ्यों का प्रचार किया गया है। हमारी पार्टी के नेता की प्रतिष्ठा और राजनीति छवि को वीडियो फाईल अपलोड कर क्षति पहुंची है। आरोपी के उक्त कृत्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत कानूनी कार्यवाही कर वैधानिक कार्यवाही कर उस विडियो को तुरंत हटाया जाए। थाना प्रभारी ने इस आवेदन की जाँच किया और पाया कि इस तरह का आरोप प्रत्यारोप चलता रहता है, इसलिए अपराध दर्ज नहीं किया था। भाजपा के जिलाध्यक्ष महेश जैन अपने पदाधिकारियों के साथ 14 सितंबर को रात के साढ़े 9 बजे थाना पहुँचे और कहा कि 24 घंटे बाद भी एफआईआर दर्ज क्यों नहीं किया गया। इसी दौरान सांसद भोजराज नाग भी पहुँच गए। सांसद ने पुलिस अधीक्षक से भी बात किया और उसके उपरांत अजय भासवानी के खिलाफ धारा 336 (4), 353 (1) (बी), 353 (1) (सी), 353 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व विधायक ने जताई नाराजगी और रिपोर्ट रद्द करने सौंपा ज्ञापन



कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी और कांग्रेस के पदाधिकारी सबसे पहले कोतवाली पहुँचे और 14 सितंबर की रात को कांग्रेस के सोशल मीडिया प्रभारी के खिलाफ जो एफआईआर दर्ज करवाया, उसे निरस्त करने की माँग किया। कांग्रेस के द्वारा सौपे गए ज्ञापन में लिखा है कि कांग्रेस तथा विपक्ष के अन्य राजनीतिक संगठनों से जुड़े सोशल मीडिया व संगठन के पदाधिकारियों के द्वारा केन्द्र तथा राज्य की भाजपा सरकार विफल नीतियों, भाजपा नेताओं के भ्रष्टाचार, उनके कारगुजारियों व करतूतों जो कि समाचार पत्रों, न्यूज चैनलों के फूटेज, सोशल मीडिया में वायरल किए गए वीडियों रील्स, फेसबुक पोस्ट, आदि को कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के द्वारा अपने फेसबुक इंन्टाग्राम आईडी के माध्यम से शेयर/पोस्ट कर देने मात्र से भाजपा के पदाधिकारी/नेताओं के द्वारा उनके विरूद्ध बौखलाहट एवं राजनैतिक विद्वेषता पूर्वक थाना प्रभारियों पर के बल का दूरूपयोग करते हुए संबंधितो पर विभिन्न अपराधिक धाराओं में एफआईआर करने का दबाव बनाकर जबरदस्ती विधि विरुद्ध अपराधिक मामला दर्ज कराया गया, जो कि पीड़ित पक्ष के अभिव्यक्ति की स्वंतत्रता का हनन की श्रोणी में आता है, जो उचित एवं विधिसम्मत कार्यवाही नहीं है। 14 सितंबर को रात साढ़े 11 बजे कांग्रेस सोशल मीडिया के पदाधिकारी अजय भाषवानी के विरूद्ध भाजपा नेताओं के दबाव में आकर पुलिस द्वारा आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है, जो कि विधिसम्मत नहीं है। राष्ट्रीय सचिव और विधायक ने कहा कि दबाव में पुलिस ने जो अपराध दर्ज किया है, वो पूर्णरूप से गलत है। भाजपा की तानाशाही नहीं चलेगी। भाजपा के नेताओं के द्वारा जो किया जा रहा है, उसे अब उजागर किया जाएगा। यह सरकार ज्यादा दिनों की नहीं है और इस प्रकार के दोषपूर्ण कार्यवाही होने से अधिकारियों को भुगतना पड़ेगा। कांग्रेस के पदाधिकारी भी थाना परिसर में बैठकर जमकर भाजपा और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी किया।



## शुल्क वृद्धि के विरोध में एबीवीपी के हस्ताक्षर अभियान को छात्र-छात्राओं का मिला समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- एबीवीपी महाविद्यालय प्रशासन तथा जनभागीदारी समिति के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन जारी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा भानुप्रतापदेव शा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुल्क वृद्धि के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने हस्ताक्षर करके शुल्क वृद्धि का विरोध किया। पीजी कॉलेज में विद्यार्थीयों से जो प्रवेश शुल्क लिया जाता है, उसमें महाविद्यालय एवं जनभागीदारी समिति दोनों के द्वारा लिया जाता है, जिसके कारण महाविद्यालय प्रशासन एवं जनभागीदारी समिति के प्रति विद्यार्थीयो में आक्रोश है। एबीवीपी महाविद्यालय प्रशासन तथा जनभागीदारी समिति के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन कर रही है।

एबीवीपी ने उग्र प्रदर्शन कर इस मामले में ज्ञापन सौपा था एवं शुल्क कम करने की माँग किया था, परंतु सकारात्क परिणाम नहीं आने पर 15 सितंबर को एबीवीपी ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर शुल्क वृद्धि का विरोध किया है। एबीवीपी के विभाग संयोजक आदित्य मिश्रा ने कहा कि भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की कार्यप्रणाली और हाल ही में की गई फीस वृद्धि को लेकर छात्रों के मन में गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों से एबीवीपी ने संवाद किया जिसमें अध्यक्ष अपने बचाव में कहते हैं कि बाकी कॉलेजों में भी फीस ली जाती है। किसी और कॉलेज से तुलना ही गलत है। भानुप्रतापदेव महाविद्यालय जिले केंद्र में स्थित अग्रणी महाविद्यालय है, जहाँ हजारों विद्यार्थी पढ़ते हैं। यहाँ अचानक इतनी भारी ▶▶| शेष पेज 12 पर

## कंपनी का कारनामा, खेत पर गिरे बिजली पोल की जगह लगाया दिया लकड़ी खंभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



दुर्गुकोंदल के ग्राम दौड़काएनहुर में बिजली विभाग की लापरवाही का एक बड़ा मामला उजागर हुआ है। किसान उमेश पोटाई के खेत में कुछ समय पहले बिजली का पोल गिर गया था। शिकायत करने के बावजूद नया पोल लगाने के बजाय विभाग ने अस्थाई तौर पर लकड़ी का पोल खड़ा कर दिया, जिससे हर समय दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

बिजली विभाग की कार्यशैली से परेशान किसान उमेश पोटाई ने बताया कि खेत में बिजली का पोल गिरने के बाद उन्होंने कई बार बिजली विभाग को शिकायत की, लेकिन विभाग ने कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला। अस्थाई रूप से लगाए गए लकड़ी के पोल पर बिजली के भारी तारों का भार है, जो कभी भी गिर सकता है और जान-माल का नुकसान कर सकता है। गांव के अशोक जाड़े, अमर जाड़े, रजऊ नरेटी, दिनेश पोटाई, मानसिंह जाड़े, राजकुमार जैन ने भी इस समस्या को लेकर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि लकड़ी का पोल न केवल खतरनाक है, बल्कि यह विभाग की लापरवाही और अनदेखी को भी दिखाता है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते नया पोल नहीं लगाया गया, तो यह किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। किसान और ग्रामीणों ने विभाग से तुरंत नया बिजली का पोल लगाने और समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग किया है।

## रेलवे ओवरब्रिज पर बिना इंडीकेटर के खड़े ट्रक से मोटरसायकिल टकराई, सवार पुलिसकर्मी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- भानुप्रतापपुर में सड़क किनारे कई दर्जन ट्रक बिना इंडीकेटर खड़े रहते हैं



भानुप्रतापपुर में बीती रात को साढ़े 8 बजे के आसपास रेलवे ओवरब्रिज पर बिना इंडीकेटर के खड़ी ट्रक से मोटर सायकल में सवार प्रधान आरक्षक टकरा गए, जिसमें प्रधान आरक्षक को गंभीर चोट आई। प्रधान आरक्षक को ईलाज के लिए गौतम अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहीं लापरवाह ढंग से खड़े हुए ट्रक चालक के खिलाफ मामला भी दर्ज किया गया। भानुप्रतापपुर में सड़क किनारे कई दर्जन ट्रक बिना इंडीकेटर के खड़े रहते है, जिससे ऐसे हादसे इस ईलाके में बढ़ गए है।

भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने वाले आरक्षक हेमंत मरकाम ने बताया कि 14 सितंबर को मेरी ड्यूटी प्रधान आरक्षक चंपूलाल खुरश्याम के साथ बाजार प्रबंध एवं नो इन्ट्री पर लगी थी। मै संबलपुर रोड़ में ड्यूटी पर तैनात था। ड्यूटी दौरान रात्रि लगभग साढ़े 8 बजे प्रधान आरक्षक चंपूलाल खुरश्याम रूटीन चेक करने के लिए अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बी 8739 से ओव्हरब्रीज संबलपुर रोड़ गए हुए थे, चेक करने के उपरांत वापिस भानुप्रतापपुर जाते समय रेल्वे ओव्हर ब्रीज मेन रोड़ पर ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमजे 9336 के चालक द्वारा ट्रक को मेन रोड़ में लापरवाही पूर्वक बिना किसी एन्डीकेट व पार्किंग लाईट जलाए अंधेरे में खड़ा किया था, जिससे प्रधान आरक्षक चंपू लाल खुरश्याम अपनी मोटर सायकल के साथ मेन रोड़ पर खड़ी ट्रक के पीछे में टकराकर एक्सीडेंट हो गया। एक्सीडेंट होने से प्रधान आरक्षक के सिर, मुंह एवं होठ में चोट लगी है एवं मोटर सायकल भी क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना को मै स्वंय व आने जाने वाले राहगीरों ने देखे है। घायल प्रधान आरक्षक को ईलाज के लिए गौतम अस्पताल भानुप्रतापपुर ईलाज के ▶▶| शेष पेज 12 पर

## बाइपास पर दिनदहाड़े 30 हजार समेत स्कूटी की हुई चोरी



**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत बाइपास रोड गढ़पिछवाड़ी से दिनदहाड़े स्कूटी चोरी होने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया मै आपने वाहन से खेत गया था। वाहन को रोड किनारे खड़ी कर खेत की ओर चला गया। कुछ समय बाद एक व्यक्ति हेलमेट पहनकर आया और मेरे वाहन को चोरी कर ले गया। मेरे वाहन में जरूरी दस्तावेज के अलावा 30 हजार रूपएं नगद रखा हुआ था। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे गढ़पिछवाड़ी निवासी 64 वर्षीय रामशरण जैन पिता स्व. जगमोहन जैन ने पुलिस को बताया कि 15 सितंबर को सुबह 7 बजें वाहन क्रमांक सीजी 05 एसी 7234 में सवार होकर घर से अपने खेत जो बाई पास रोड गढ़पिछवाड़ी में है, वहा गया था। स्कूटी वाहन को बाईपास रोड में खड़ी कर खेत कि चला गया। मेरे वाहन में चाबी लगा हुआ था, मैं चाबी निकालना भूल गया था। मैं जब ▶▶| शेष पेज 12 पर

## तरांदुल शाला में रजत जयंती पर हर दिन, हर घर आयुर्वेद कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

वनांचल पहाड़ी पर स्थित शाउमावि तरान्दुल में जूनियर रेडक्रॉस सोसायटी के बैनर तले रजत जयंती समारोह का आयोजन आयुष विभाग के सौजन्य किया गया। रजत जयंती के उपलक्ष्य में हर दिन, हर घर आयुर्वेद कार्यक्रम का आयोजन हायर सेकंडरी स्कूल के प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राजकीय गीत छत्तीसगढ़ महतारी एवं घाटी ऊपर है मोर तरान्दुल गांव से किया गया। संस्था के प्राचार्य द्वारा स्वागत उद्बोधन में छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष के सफर पर संक्षिप्त प्रकाश डाला गया।

ग्राम सरपंच संगीता गोटा ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के पच्चीस वर्ष होने जा रहा और इन पच्चीस वर्षों में विकास की गति में छत्तीसगढ़ ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जिससे पूरे भारत वर्ष में छत्तीसगढ़ का एक अलग पहचान बना है। गोंडवाना समाज के अध्यक्ष शिव प्रसाद गोटा ने कहा की छत्तीसगढ़ युवा अवस्था की ओर अग्रसर होने जा रहा और यही अवस्था प्रदेश का भविष्य निर्माण करेगा। डॉ. अवस्थी ने आयुर्वेदिक के महत्व उसकी उपयोगिता और इसके स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ेगा इस पर विस्तार पूर्वक जानकारी छात्रों को दिया। इस अवसर पर संस्था में ही स्वास्थ्य शिव का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के सभी छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण, ग्रामीण जनों को स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाई वितरण किया गया। इस अवसर पर भानुप्रतापपुर विकासखंड के विभिन्न आयुष केंद्रो के विशेषज्ञ, जिसमें डॉ. मनोज कुमार यादव, डॉ. नरेंद्र कुमार साहू, सदल सिंह भण्डारी, कुलेश्वरी कंवर, केश्वरी के द्वारा स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से सेवा प्रदान किया गया।

## सर्व हिन्दू समाज और हिन्दू जागरण मंच ने फौरन कार्रवाई की मांग की

# चारामा क्षेत्र में प्रार्थना सभा के माध्यम से धर्मांतरण का खेल बंद कराने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

- विषम परिस्थितियों का फायदा उठाकर प्रार्थना सभा के नाम पर धर्मांतरित कर रहे



नगर चारामा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में प्रार्थना सभा के माध्यम से धर्मांतरण करने की शिकायत पर वैधानिक कार्यवाही करने की मांग को लेकर सर्व हिन्दू समाज और हिन्दू जागरण मंच के पदाधिकारियों के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपते हुए पदाधिकारियों ने बताया कि चारामा नगर पंचायत एवं ग्रामीण क्षेत्र में चारों को ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारी ने ज्ञापन सौपते हुए बताया कि चारामा नगर पंचायत ग्रामीण क्षेत्रों में नित नए निज आवासों में प्रार्थना सभा के तथा इन प्रार्थना सभाओं के माध्यम से अन्य समाज के व्यक्ति परिवार जनों को धर्मांतरित करने की जानकारी प्राप्त हो रही है। विगत कुछ एक वर्ष से नगर के हर मोहल्ले में कहीं न कहीं किसी व्यक्ति के निजी आवास में प्रार्थना सभाएं संचालित हो रही है और इन प्रार्थना सभाओं में आने वाले सभी लोग मूल रूप से ईसाई समुदाय से नहीं है, बल्कि अन्य विभिन्न समाज के हिंदूजन ही है, जो किसी प्रकार से परेशान है, बीमार है, आर्थिक तंगी के शिकार है। इन लोगों की विषम परिस्थितियों का फायदा उठाकर कतिपय लोग इन्हे प्रार्थना सभा के नाम पर धर्मातरित कर रहें है। धर्मातरण या मतांतरण कराना कानूनन जुर्म है। इसके बाद भी प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण का कार्य बहुत अधिक चल रहा है। जिसकी विधिवत ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप




### एक पेड़ मां के नाम पर किया गया पौधारोपण

**कोयलीबेड़ा।** शाउमावि कोयलीबेड़ा में आरआर हिड़को के प्राचार्य पद पर पदोन्नति होने एवं शाउमावि कोयलीबेड़ा में पदभार ग्रहण करने पर राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं एवं कार्यक्रम अधिकारी द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए शाउमावि कोयलीबेड़ा के प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस प्रभारी बसंत पद्माकर, संजय कुंजाम, सुरेंद्र जैन, गोवर्धन कोसले, दलसिंह आचला, लक्ष्मी आचला, राजेश्वरी भुआर्य, शिवकुमार पटेल व स्कूल स्टाप उपस्थित रहे।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए सर्प काटने से मृत्यु होने के दो प्रकरण में चार-चार लाख रूपए के मान से 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। अंतागढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम मण्डागांव की 02 वर्षीय प्रवीण कुमार की सर्प काटने से मृत्यु होने पर उनके माता-पिता हीरालाल और सुगोन्ती बाई को चार लाख रुपए तथा नवागावड़ेगांव की 21 वर्षीय फूलबासन उईके की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित मानिकलाल एवं रजुलाबाई को चार लाख रूपए की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### बकाया जलकर दाता शीघ्र जलकर जमा करें : पांडेय

**जगदलपुर।** बड़ी संख्या में जल करदाताओं के द्वारा लंबे समय से जलकर नहीं जमा करवाया जा रहा है। कई बार अपील के बाद भी जलकर जमा नहीं कर रहे हैं । नगर निगम अब कार्यवाही करेगा। इसके साथ ही बड़ी संख्या में अवैध नल कनेक्शन धारकों पर भी करवाई की तैयारी की जा रही है।

महापौर संजय पांडे ने कहा की जलकर एवं अवैध नल कनेक्शन को लेकर आने वाले समय में कार्रवाई होगी।

जलकर सभापति सुरेश गुप्ता ने कहा समस्त अवैध नल कनेक्शन धारकों से अपील है कि अवैध नल कनेक्शन धारक यथाशीघ्र अपने कनेक्शन को वैध करवा लें। निगम सहयोग के लिए है अन्यथा अवैध कनेक्शन को वैध करने में भारी जुमार्ना के साथ-साथ नाम को सार्वजनिक करने जैसी कार्रवाई की जाएगी।

### राशनकार्ड में ई-केवायसी के लिए शिविर 20 तक

**जगदलपुर।** बस्तर जजिले के कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में खाद्य विभाग द्वारा जिले में राशनकार्ड से वंचित परिवारों,सदस्यों के राशनकार्ड बनाने एवं राशनकार्ड में नाम जोड़ने तथा राशनकार्ड में ई-केवायसी के लिए ग्राम पंचायतों-वार्डों में 15 से 20 सितम्बर 2025 के मध्य विशेष शिविरों का आयोजन पंचायत भवनों,शासकीय भवनों में किया जाएगा।

इन शिविर में ऐसे परिवार-सदस्य जिनके नाम किसी भी राशनकार्ड में दर्ज नहीं है वे इन शिविरों में उपस्थित होकर नया राशनकार्ड बनाने,राशनकार्ड में नाम जोडने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### अतिक्रमण अभियान टांय-टांय फिस्स

**जगदलपुर।** नगर निगम ने शहर में बारिश के पहले जोर-शोर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था,अभियान का नेतृत्व महापौर संजय पांडे एवं उनकी एमआईसी की टीम ने कार्रवाई की थी।

अभियान पर विराम लगते ही दुबारा अतिक्रमणकारियों ने सड़क के किनारे दुकानें सजा कर व्यापार करते नजर आ आ रहे है।

इस संबंध में महापौर संजय पाण्डेय ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि सड़क किनारे दुकानों से यातायात व्यवस्था बिगड़ती है और दुकान लगने से सड़क सकरा होती है। इससे आये दिन सड़क दुर्घटना से लोगो के जान का खतरा बना रहता है। हमारी मंशा कभी भी किसी की रोजी रोटी छीनने का नही रहा।

---

### बस्तर डिस्ट्रिक्ट इंजीनियर वेलफेयर एसोसिएशन ने मनाया अभियंता दिवस

# इंजीनियर अपने कार्यों के दौरान चुनौतियों को स्वीकार करें : सीई

**मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण**

**समारोह में पीडब्यूडी के दो कर्मचारियों को किया सम्मानित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अंदरूनी क्षेत्र में इंजीनियर सड़क, भवन का निर्माण कार्य कर रहे हैं, जिससे ग्रामीणों की सुविधा मिलती है। यदि इंजीनियर नहीं रहते तो ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहते हैं। इसलिए इंजीनियर अपने कार्यों के दौरान चैलेंज को स्वीकार करें, जिससे वे आगे बढ़ेंगे।

साथ ही इंजीनियर अभियंता शिरोमणि भारत रत्न सर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया के मार्गदर्शन को अपनाएं। उक्त बातें लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता जीआर रावटे ने सोमवार को शहर के लालबाग क्षेत्र में स्थित अभियंता चौराहा में बस्तर डिस्ट्रिक्ट इंजीनियर वेलफेयर एसोशिएशन ने आयोजित अभियंता दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कही। कार्यक्रम में सभी उपस्थित अतिथियों ने सर विश्वेश्वरैया की मूर्ति को माल्यार्पण किया। समारोह में पीडब्यूडी के दो कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।







**मोक्षगुण्डम के मार्ग पर चलें**

लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता डीएल टेकाम ने कहा कि इंजीनियर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया के मार्गों पर चलें। साथ ही निर्माण कार्यों में समय अवधि एवं गुणवत्ता का ध्यान रखें।





**पुरुषों से कम नहीं महिला इंजीनियर**

पीडब्ल्यूडी राष्ट्रीय राजमार्ग एवं सेतु निर्माण के कार्यपालन अभियंता प्रज्ञा नंद ने कहा कि पुरुषों से कम नहीं महिला इंजीनियर। महिलाएं भी पुरुषों के बराबर काम कर रही हैं। महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण पहचान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि चुनौतियों के साथ कर्तव्य करें वहीं इंजीनियर है।

---

## कालेज में फीस घटाने की मांग एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के अंतागढ़ विधानसभा कार्यकर्ताओं ने पखांजूर के शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय में जनभागीदारी शुल्क को कम करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष के नाम दिया गया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने बताया कि कॉलेज में छात्राओं से 400 रूपए का जनभागीदारी शुल्क लिया जा रहा है, जिससे गरीब और किसान परिवारों की छात्राओं को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि



परलकोट क्षेत्र एक कृषि-प्रधान क्षेत्र है और अधिकांश छात्राएं किसान परिवारों से आती हैं। इन परिवारों के लिए 400 रूपए का शुल्क चुकाना मुश्किल है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जनभागीदारी शुल्क कम नहीं किया गया तो संगठन छात्रों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन और धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा। इस दौरान पूर्व जिला महासचिव विक्रम मल्लिक, रामेन सरकार, शुभाशीष साना, दीपांकर सरकार, मृत्युंजय सुमित और अन्य कार्यकर्ता और छात्र मौजूद रहे।

## पंजीयन व स्वास्थ्य, परीक्षण शिविर किया आयोजित

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए पंजीयन, नवीनीकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सुरही में लगाया गया, जिसमें पंजीकृत 13 श्रमिकों का नवीनीकरण व 73 श्रमिकों का नवीन पंजीयन किया गया। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग द्वारा 96 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। उक्त शिविर में ग्राम पंचायत सरपंच, पंचगण, श्रम निरीक्षक सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। श्रम पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार श्रम एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगामी 16 सितम्बर को ग्राम छोटेकापसी, पखांजूर एवं 19 सितम्बर को चारामा विकासखण्ड के ग्राम कुरूभाट में निर्माण श्रमिकों के लिए पंजीयन, नवीनीकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे।



## पदमपुर में नवरात्रि को लेकर हुई बैठक



**चारामा।** कांकेर जिले के चारामा ब्लाक के ग्राम पदमपुर में समस्त ग्रामवासी शीतला मंदिर के प्रागंण में एकत्रित हो कर निरंतर पिछले 27 वर्ष के भांति इस वर्ष भी शॉरदीय नवरात्रि में माँ दुर्गा के प्रतिमा स्थापित करने के लिए विचार व कार्यक्रम के रूप रेखा तैयार करने के लिए रविवार को बैठक आयोजित किया गया। बैठक में सादसिंग कुंजाम, रामु राम गावड़े, बिरझु राम केमरो, राम लाल केमरो, सुरेश करगिया, कृष्ण कुमार टेमरिआ, मुन्ना राम केमरो, सुकदेव कोर्राम, इंद्रा कुमार करबगियाँ, टीआर गांवर, मंथरा रावटे, सोहद्र करबगीया, बिसरो बाई कोमरा, पर्वती नुरेटी, मांगतीन गावड़े व अन्य शामिल रहे।

## एनएचएम कर्मियों ने उठाया इच्छा मृत्यु का मामला



चारामा। बीते 29 दिनों से अपनी मांगो को लेकर आंदोलन में बैठे एनएचएम कर्मचारीयों ने प्रदेश के राज्यपाल को पत्र लिखकर इक्षा मृत्यु की मांग की हैं। आंदोलन में बैठे कर्मचारियों ने बताया कि हमारी वर्षो की सेवा और आंदोलन के बावजूद हमारी माँगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। उल्टा हमारे कई कर्मचारियों को सेवा से पृथक कर दिया गया। इस निर्णय से न केवल हमारे परिवार आर्थिक एवं सामाजिक संकट में आ गए हैं, बल्कि हमारे आत्मसम्मान को भी गहरा आघात पहुँचा है। हमने कोरोना जैसी आपदा में अपने प्राणों की परवाह न करते हुए जनता की सेवा की। गाँव-गाँव, गली-गली जाकर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई, लेकिन आज जब हमने अपने हक की मांग की तो हमें बेरोजगार कर दिया गया। इस अन्याय और उपेक्षा से हम सभी संविदा कर्मचारी गहरे मानसिक अवसाद में हैं। यदि हमारी माँगों को तुरंत प्रभाव से पूरा नहीं किया जाता, तो कृपया हम सभी आंदोलनरत कर्मचारियों को इच्छा मृत्यु की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें, ताकि हम इस असहनीय वेदना और अपमान से मुक्ति पा सके।

## हिंदी दिवस पर हुए कवि सम्मेलन में सरस कविताओं की हुई बारिश

**चारामा।** हिंदी दिवस के अवसर पर काव्य पाठ का आयोजन किया गया। नगर के कवि मिथिलेश कर शर्मा द्वारा राजधानी रायपुर में आयोजित प्रांतीय कवि सम्मेलन में काव्य पाठ किया। राष्ट्र जागरण धर्म हमारा के उद्देश्य को लेकर राष्ट्रीय कवि संगम के छत्तीसगढ़ इकाई के द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर प्रांतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया गया था।

प्रथम सत्र में राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले दस्तक कार्यक्रम के लिए युवा कवियों के द्वारा काव्य पाठ किया गया। जहां युवक कवियों का चुनाव राष्ट्रीय स्तर के कवि सम्मेलन के लिए किया गया। द्वितीय सत्र में काव्य पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय कवि संगम जिला के उपाध्यक्ष एवं मंजरी साहित्य सृजन समिति चारामा के अध्यक्ष शिक्षक




मिथिलेश कर शर्मा द्वारा काव्य पाठ किया गया। अतिथियों के द्वारा हिंदी दिवस की महत्व एवं साहित्य छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दिया गया। जिला इकाई कांकेर के अध्यक्ष डॉ कमलकांत हतगियां, रिजेंद्र गंजीर, अनिल मौर्य एवं चंदन सोनी ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## तुरूसानी स्कूल में शिक्षक की मांग ग्रामीणों ने तालाबंदी की दी चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोयलीबेड़ा

विकासखंड मुख्यालय कोयलीबेड़ा से महज 2 किमी की दूरी में स्थित ग्राम पंचायत तुरूसानी के ग्रामीणों ने ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर खंड शिक्षा अधिकारी को दूसरी बार आवेदन देकर एक सप्ताह में शाला में शिक्षक व्यवस्था नहीं की गई तो स्कूल में ताला बंद कर आंदोलन करने की चेतावनी देते हुए आवेदन किया है। ग्रामीण ने बताया कि प्रधान पाठक के बार-बार नशा पान कर स्कूल आने से परेशान ग्रामीणों ने उसे अधिकारियों को शिकायत करने हटाने की मांग की गई थी और इसी बीच सोशल मीडिया में उक्त प्रधान पाठक का नशा पान करते हुए वीडियो वायरल हो गया। इसे देखते हुए विभाग ने उक्त प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया गया और इसके बाद ग्रामीणों की मांग को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने निर्मला नेताम, सहायक शिक्षक एलबी प्राशा कटु रुष बोडी को प्राशा तूरसानी के लिए आवेशित किया गया है, लेकिन आज तक शिक्षिका संस्था में अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई है। शिक्षा जैसी बुनियादी जरूरत को लेकर ग्रामीण एवं पालक बच्चों सभी चिंतित हैं और ग्रामीणों ने आज दूसरी बार खंड शिक्षा कार्यालय कोयलीबेड़ा पहुंचकर शीघ्र ही शिक्षक व्यवस्था करने की मांग आवेदन देकर मांग किया गया है। देखना होगा शिक्षा जैसी बुनियादी जरूर को विभाग कितनी तत्परता से समस्या का समाधान करता है।

## सेवानिवृत्त प्रधानपाठकों व व्याख्याताओं को काल्पनिक पदोन्नति आदेश देने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेसी को प्राचार्य पदोन्नति के लिए पात्र रहे सेवानिवृत्त प्रधानपाठकों तथा व्याख्याताओं को काल्पनिक पदोन्नति देने ईमेल किया है। फेडरेशन ने सेवानिवृत्ति के कारण प्राचार्य पदोन्नति से वंचित हुए पात्र व्याख्याता एवं प्रधानपाठकों को कार्य नहीं वेतन नहीं सिद्धांत के अंतर्गत काल्पनिक पदोन्नति देने का माँग शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से किया गया हैं।

प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, जिला अध्यक्ष चेतन राम जैन एवं जिला सचिव केके गंजीर ने बताया कि छत्तीसगढ़ राजपत्र 5 मार्च 2019 द्वारा एजुकेशन एवं ट्राइबल के शिक्षक संवर्गों के लिए समेकित भर्ती-पदोन्नति नियम बनाया गया था। प्राचार्य पद पर पदोन्नति के लिए मार्च/अप्रैल 2025 में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में पात्र व्याख्याताओं एवं प्रधानपाठकों के पदोन्नति के लिए विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक डीपीसी हुआ था, लेकिन विभागीय प्रक्रिया में व्यवधान के फलस्वरूप 30 अप्रैल को टी-संवर्ग में 1335 तथा ई-संवर्ग में 1478 प्राचार्य पदोन्नति आदेश जारी हुआ था।

लेकिन टी-संवर्ग अंतर्गत जारी पदस्थापना आदेश 29 अगस्त को जारी हुआ था, जिसमें 30 अप्रैल से 31 जुलाई तक टी-संवर्ग के सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं प्रधानपाठकों के नाम पदस्थापना आदेश से हटा दिया गया था, जबकि विभाग के द्वारा टी संवर्ग में प्राचार्य पदोन्नति के लिए पात्र रहे सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं प्रधानपाठकों को प्राचार्य पद पर काल्पनिक पदोन्नति कार्य नहीं वेतन नहीं के सिद्धांत के आधार पर काल्पनिक पदोन्नति आदेश जारी करना था। ई-संवर्ग में प्राचार्य पदोन्नति आदेश तिथि एवं पदस्थापना आदेश तिथि तक में भी लागू होगा।

उन्होंने बताया कि मंत्रालय स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश के द्वारा 171 व्याख्याताओं प्रधानपाठकों माशा स्नातकोत्तर को 15600-39100 ग्रेड पे 5400 वेतन मैट्रिक लेवल-12 में काल्पनिक पदोन्नति कार्य नहीं वेतन नहीं के सिद्धांत पर किया गया था। नोशनल पे फिक्सेशन होने से संबंधितों को पेंशन एवं ग्रेच्यूटी में आर्थिक लाभ मिला था। प्राचार्य पद का वास्तविक लाभ भले ही नहीं मिला हो, लेकिन सेवानिवृत्त प्राचार्य का पदनाम मिला था।

पेज 11 के शेष...

### रेलवे ओवरब्रिज पर...

लिए ले गए। ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमजे 9336 के चालक द्वारा अपनी वाहन ट्रक को मेन रोड़ में लापरवाही पूर्वक खड़ी करने से एक्सीडेंट हुआ है। भानुप्रतापपुर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 285 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### बाइपास पर दिनदहाड़े...

खेत में था, तब देखा कि एक आदमी गुलाबी शर्ट एंव हेलमेट पहने हुआ व्यक्ति आया। मेरे वाहन जिसमें चाबी लगा था, उसको चालू करके रफूचक्कर हो गया। स्कूटी की डिक्की में आरसी बुक, बैंक पास बुक और नगद 30 हजार रूपएं को रखा था। मेरे वाहन की कीमत लगभग 45 हजार रूपएं है। अज्ञात चोर ने मेरे स्कूटी वाहन को बाइपास रोड से चोरी कर ले गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### शुल्क वृद्धि ...

फीस वृद्धि का बोझ छात्रों पर क्यों डाला गया, जनभागीदारी के लिए योजना क्यों नहीं बनाई गई। व्यक्तिगत रूप से अब तक कितनी राशि जनभागीदारी मद में जमा की है। समिति में आपके नामित सदस्यों ने अब तक कितनी राशि जनभागीदारी मद में दी है। कॉलेज में शपथ ग्रहण समारोह, फ्लैक्स, चाय-नाश्ता आदि का सभी खर्चों का भार छात्रों की फीस से उठाया गया और साथ ही समिति की अब तक जितनी बैठकें हुई हैं, उनका व्यय किस राशि से और किसके अनुमोदन से हुआ है। इन प्रश्नों का उत्तर छात्रों और अभिभावकों के समक्ष सार्वजनिक किया जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि जनभागीदारी समिति का वास्तविक उद्देश्य जनभागीदारी से छात्रों का हित और महाविद्यालय का विकास है या फिर स्वार्थ के लिए केवल छात्रों पर बोझ डालना।

एबीवीपी के नगर मंत्री रिषिक तिवारी ने कहा कि एबीवीपी शुल्क वृद्धि के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन कर रही है। शुल्क में जब तक कमी नही होगी, तब तक हम संघर्ष करते रहेंगे। शिक्षा का शुल्क ऐसा होना चाहिए, जिसे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का विद्यार्थी भी दे सके। इसी आधार पर शुल्क का निर्धारण होना चाहिए। हस्ताक्षर अभियान में जिला संयोजक ओमकृष्ण जैन, नगर सह मंत्री हर्ष सिन्हा, ओजश्वी सिन्हा, सन्तोषी शोरी, कुशल नेताम, प्रकाश जैन, भानुप्रताप चौहान, तिलक बरसे एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चारामा क्षेत्र में...

जांच कर इस पर तत्काल रोक लगाने की आवश्यकता है ताकि समाज में सामाजिक सौहार्द का वातावरण बना रहें । प्रत्येक समाज का पारंपरिक रीति रिवाज है धार्मिक आस्था मान्यता है, सामाजिक तानाबाना है, परंतु इस प्रकार के धर्मातरण से सामाजिक विषमता उत्पन्न हो रही है तथा समाजिक सौहार्द बिगड़ रहा है इन्हीं सब घटनाओं से नगर क्षेत्र में आमजनों में आक्रोश व्याप्त हो रहा है।

ज्ञापन में उल्लेखित है कि दरगाहन स्थित दादर निवास, सल्लू पारा ग्राम दरहगन मन्नू राम देवांगन के घर, वार्ड नं.07 और 08 दुर्गा मंदिर वार्ड चारामा, वार्ड नं. 10 सरार पारा गोपी देवांगन के घर, वार्ड नं. 11 सदर लाईन रानी पटेल के घर, वार्ड नं, वार्ड नंबर 10 सहित अन्य वार्ड, सराधुनवांगांव, ग्राम कुर्रुटोला, गिरहोला, सालहेटोला, रतेसरा, लखनपुरी एवं अन्य कई ग्रामों में कन्वर्टेट पास्टरो के द्वारा प्रार्थना सभा चलाई जा रही हैं। इन सभाओ से ही आक्रोश से ग्राम क्षेत्र की शांति व्यवस्था प्रभावित होती है। इनकी जाँच करके कार्यवाही की माँग किया गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान सर्व हिन्दू समाज और हिन्दू जागरण मंच के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## पीएम श्री सेजेस में हुई अभिभावक-शिक्षक बैठक



लोहंडीगुड़ा। पीएम श्री सेजेस लोहंडीगुड़ा में अभिभावक-शिक्षक बैठक पीटीएम का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्राथमिक कक्षाओं 1 से 5वीं, माध्यमिक विंग 6वीं से 8वीं तथा हाई एवं हायर सेकेंडरी कक्षाओं 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए पीटीएम रखा गया। बैठक का समय दोपहर 12:30 बजे से 2:30 बजे तक निर्धारित था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही। अभिभावकों ने विद्यालय द्वारा दी जा रही शिक्षा व्यवस्था एवं विद्यार्थियों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

## सहायक शिक्षक को अंतिम नोटिस जारी

**दंतेवाड़ा।** जिला शिक्षा अधिकारी के जारी विज्ञप्ति अनुसार सहायक शिक्षक पवन कुमार 2 दिसंबर 2023 से आज पर्यंत तक निरंतर अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाये गए है। इस संबंध उन्हें पत्र जारी कर 8 सितम्बर को अपना पक्ष रखते हेतु विभागीय जांच समिति के समक्ष उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया था। परन्तु पवन कुमारी निर्धारित तिथि को विभागीय जांच समिति के समक्ष प्रस्तुत नहीं हुए। इस प्रकार उन्हें पुनः नोटिस जारी कर अंतिम बार 16 सितम्बर को अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु विभागीय जांच कमेटी के समक्ष उपस्थित होना सुनिश्चित करने को कहा गया है। इस संबंध में उनकी अनुपस्थिति अथवा विलंब के लिए विभाग द्वारा एकतरफा कार्यवाही की जायेगी। जिसके लिए सहायक शिक्षक पवन कुमार स्वयं जिम्मेदार होंगें।

# सायबर ठगी करने के तरीकों व बचने के उपायों को लोगों को बताया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

- सिटी कोतवाली पुलिस ने चलाया सायबर जागरूकता अभियान

साप्ताहिक बाजार पोंदुम में ग्रामीणों को एवं शासकीय महाविद्यालय दन्तेवाड़ा में छात्र-छात्राओं को सायबर अपराध की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक गौरव राय ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स उदित पुष्कर के निर्देशन में



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार बर्मन के मार्गदर्शन में एवं पुलिस अनु अधिकारी राहुल उयके, सायबर नोडल अधिकारी गौरव सिंह ठाकुर के पर्यवेक्षण में जिला दन्तेवाड़ा में सायबर संगवारी कार्यक्रम के माध्यम से सायबार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत 15 सितंबर को थाना प्रभारी धनंजय सिन्हा के नेतृत्व में सिटी कोतवाली दन्तेवाड़ा की टीम के द्वारा साप्ताहिक बाजार पोन्दुम में आये ग्रामिणों को एवं शासकीय महाविद्यालय दन्तेवाड़ा में छात्र-छात्राओ को सायबर फ्राड के बारे में जानकारी दी गई। जिसमे सायबर ठगी करने के नये-नये तरीकों, उनसे बचने के उपायों के बारे में बताया गया। साथ ही साथ अनजाने में यदि कोई सायबर फ्राड का शिकार हो जाये तो उसे क्या करना चाहिये इसके संबंध में भी बताया गया। सायबर संगवारी कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में सायबर अपराधों के प्रति जागरूकता लाना, सुरक्षित इंटरनेट का इस्तेमाल करना एवं सुरक्षित डिजिटल आदतें अपनाते हुये लोगों को सशक्त बनाना है जिससे आम नागरिक सायबर अपराधों से सुरक्षित रहते हुये डिजिटल तकनीकों का बिना किसी चिंता एवं वित्तीय नुकसान के लाभ ले सके। उक्त कार्यक्रम में थाना सिटी कोतवाली दन्तेवाड़ा के सउनि.गुरूवन्ता बर्गे, नरेन्द्र भारती, प्रआर शिवनाथ सिन्हा, बिरेन्द्र नाग, आर भील कुमार नाग, मनोज कुमार नेगी, भुपेन्द्र पुजारी का विशेष योगदान रहा।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बच्चों के भविष्य से खिलवाड़

# पदोन्नत व्याख्याताओं के भविष्य पर संकट काउंसिलिंग से 140 रिक्त पद गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

- तकनीकी खामी का हवाला देते हुए रिक्त पदों को काउंसलिंग से बाहर रखा गया

जिले में पदोन्नत व्याख्याताओं की काउंसलिंग शुरू होने से पहले ही नया विवाद खड़ा हो गया है। जिले में 39 शिक्षकों की पदोन्नति तो हो गई, लेकिन काउंसलिंग सूची से 140 रिक्त पद ही गायब कर दिए गए।

लोक शिक्षण संचालनालय डीपीआई का तर्क है कि दंतेवाड़ा जिले की सभी शालाएं अब सेजेस स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना के अंतर्गत आ चुकी हैं और यहां प्रतिनियुक्ति के आधार पर ही पद भरने का अधिकार राज्य शासन के पास है। इसी तकनीकी खामी का हवाला देते हुए रिक्त पदों को काउंसलिंग से बाहर रखा गया है। छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संतोष मिश्रा का कहना है कि यह निर्णय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ है। पहले भी सेजेस विद्यालयों में प्राचार्य पदोन्नत प्रयोगशाला सहायक की रिक्तियां दर्शाकर पदस्थापना संभव हुई थी। अब व्याख्याता के पदों सेजस उत्कृष्ट विद्यालय बता कर रोकना दोहरी नीति है। कई व्याख्याता 20-25 साल से जिले में सेवाएं दे रहे हैं। परिवारिक व्यवस्था यहीं बस चुकी है। अब उन्हें अन्य जिलों में भेजना अन्यायपूर्ण है।

शिक्षकों का आरोप है कि बाहर से आने वाले शिक्षक जुगाड़ लगाकर अपने गृह जिलों में स्थानांतरण करा लेते हैं, जबकि दंतेवाड़ा में सेवा दे रहे शिक्षक वर्षों की मेहनत के बावजूद अपने ही जिले से वंचित कर दिए जा रहे हैं। शिक्षक संगठनों ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव, दंतेवाड़ा प्रभारी मंत्री एवं वन-पर्यावरण मंत्री केदार कश्यप तथा स्थानीय विधायक चैतराम अटामी, भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया है। नेताओं ने शिक्षकों की पीड़ा को गंभीरता से लिया और तत्काल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से दूरभाष पर चर्चा की। मंत्री यादव ने शिक्षा सचिव से इस संबंध में चर्चा कर समाधान निकाने का आश्वासन दिया है।



### शिक्षक, बच्चें दोनों का नुकसान

पदोन्नत व्याख्याताओं का कहना है कि सालों बाद मिली पदोन्नति को अब पदोन्नति छोड़ने या फिर अन्य जिला चुनने जैसे कठिन विकल्पों में बदल दिया गया है। वहीं अभिभावक और शिक्षक संगठन सवाल उठा रहे हैं कि क्या केवल भव्य भवन, रंग-रोगन, टाइल्स और रेड कार्पेट से शिक्षा की गुणवत्ता आ सकती है।जब शिक्षक ही उपलब्ध नहीं होंगे, तो सेजेस उत्कृष्ट विद्यालय की घोषणा सिर्फ कागजों पर ही रह जाएगी। यदि दंतेवाड़ा के रिक्त पद काउंसलिंग में शामिल नहीं किए गए, तो आने वाले समय में जिले की शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा। क्योंकि भविष्य में भी जिले को सेजस विद्यालय की वजह से सीधी भर्ती व पदोन्नति से शिक्षक नहीं मिलेंगे। बच्चों को योग्य व विषय-विशेषज्ञ शिक्षक नहीं मिल पाएंगे। शिक्षक वर्ग हताश और असहाय होकर पदोन्नति का लाभ लेने से वंचित हो रहा है। शालेय शिक्षक संघ ने मांग की है कि दंतेवाड़ा के सभी रिक्त व्याख्याता पद काउंसलिंग में शामिल किए जाएं। पदोन्नत शिक्षकों की पारदर्शी पदस्थापना हो। सेजेस उत्कृष्ट विद्यालयों के रिक्त पदों को सामान्य प्रक्रिया से भरा जाए। यदि समय रहते समाधान नहीं निकाला गया तो दंतेवाड़ा जिले में शिक्षा का स्तर और गिर सकता है।

# मांदर के बाढ़ पीड़ितों से मिले हल्बा समाज के प्रतिनिधि



हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहंडीगुड़ा

- आर्थिक मदद करते हुए 31000 की सहयोग राशि प्रदान की

बीते दिनों हुई अति भारी वर्षा के कारण ब्लॉक लोहंडीगुड़ा के ग्राम पंचायत मांदर में भारी बाढ़ आई थी, उस स्थान पर निवास कर रहे सभी ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। 14 सितम्बर को गढ़ बड़ाजी आदिवासी हल्बा समाज 18 गढ़ महासभा मुख्यालय बड़ेडोंगर के प्रतिनिधि मण्डल ने उनके निवास स्थान पर जाकर दुःख दर्द को सुनते हुए सांत्वना प्रदान करते हुए आर्थिक मदद करते हुए 31000 रुपये की सहयोग राशि प्रदान की और हर संभव साथ देने की बात कही। समाज के लोकनाथ गागड़ा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हल्बा समाज 18 गढ़ महासभा ने बाढ़ पीड़ितों का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि यह प्रकृति का एक विकराल रूप था जो आया और अपने साथ हमारी धन संपति, घर बार को बहा कर ले गया।

ऐसा बाढ़ इस क्षेत्र में कभी नहीं आया था। हल्बा समाज की ओर से पीड़ित परिवारों से हाल चाल जानते हुए हौंसला दिया। इस अवसर पर मंगतू कश्यप, लोकनाथ गागड़ा, श्रीधर बाकड़ा, महेंद्र बाकड़ा सरपंच, रूपेंद्र मांझी, नरेंद्र बाकड़ा, राजकुमार बाकड़ा, विश्वनाथ देहारी, भागीरथी बाकड़ा, निरंजन गागड़ा, बुधसन मांझी, दिगपाल बाकड़ा, टेमनाथ शार्दूल, मंगल देहारी, धर्मेंद्र बाकड़ा, भदरु, विजय कुमार राना, माधप मांझी, पूरन राना, भुवनेश्वर कराटी, खगेश्वर एवं मांदर के ग्रामीण उपस्थित थे।

# नम्बी गांव में हर घर तक पहुंचा शुद्ध पेयजल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



जिला के उसूर विकासखंड का नम्बी गांव, जो कभी विकास से कोसों दूर था, आज जल जीवन मिशन योजना के तहत एक प्रेरणास्पद सफलता की कहानी बनकर उभरा है।

बीहड़ और दुर्गम जंगलों के बीच स्थित यह गांव, जहां बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना एक समय में असंभव सा प्रतीत होता था, अब छग सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और नियद नेल्ला नार योजना की मदद से विकास की मुख्यधारा में जुड़ गया है। जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत नम्बी गांव में कुल 28.18 लाख रुपये की लागत से तीन सौर ऊर्जा संचालित नलकूप स्थापित किए गए। इस योजना के अंतर्गत 5185 मीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई, जिससे गांव के 76 परिवारों को हर घर नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल मिल रहा है। यह गांव अब उन गांवों में शामिल हो गया है, जहां शत-प्रतिशत घरों में नल से जल की सुविधा उपलब्ध है। 15 जुलाई को नम्बी गांव में ग्राम सभा के तत्वाधान में हर घर जल उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गांव की सरपंच सुशीला काका, सचिव पांडा कावरे और समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस दौरान, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा गांव को हर घर जल प्रमाणित किया गया। यह प्रमाणन दर्शाता है कि गांव के प्रत्येक घर में नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

इस योजना के संचालन और संधारण की जिम्मेदारी अब पंचायत को सौंप दी गई है, जिससे गांव में जल आपूर्ति व्यवस्था स्थायीत्व की ओर अग्रसर हो रही है। पंचायत की निगरानी में यह योजना अब स्थानीय सहभागिता से और भी बेहतर तरीके से संचालित होगी।

## एसएसबी में चयन के लिए कैडेट्स का साक्षात्कार



**भोण्ड।** छत्तीसगढ़ बालिका बटालियन एनसीसी परचनपाल के कमान अधिकारी कर्नल सी दास गुप्ता की अध्यक्षता में भारतीय सशस्त्र बल अधिकारियों के लिए चयन प्रक्रिया हेतु बस्तर संभाग के चयनित कैडेट्स को साक्षात्कार और ग्राउंड टेस्ट के आधार पर कमान अधिकारी द्वारा बस्तर संभाग के पांच कैडेट्स को चयनित किया गया है। चयनित टीम में एडम अफसर सूबेदार मेजर धर्मेंद्र सिंह, एएनओ पद्मा पांडे एंड पी स्टाफ उपस्थित थे और चयनित कैडेट्स को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया

**गीदम।** नगर के शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम सहित विभिन्न विद्यालयों में हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया। सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों के मध्य हिंदी से संबंधित प्रश्नोत्तरी, कविता व सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। और विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार दुबे ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है हमें अपने बोलचाल में हिंदी भाषा का उपयोग करना चाहिए। भारतीय संस्कृति में हिंदी को मातृ भाषा का दर्जा दिया गया है। यह महज भाषा नहीं बल्कि भारतीयों को एकता व अखंडता के सूत्र में पिरोती है। हिंदी को मन की भाषा कहा जाता है। हिन्दी दिवस हर साल 14 सितंबर को देशभर में मनाया जाता है।

# आजीविका सेवा केंद्र रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगा : गोयल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा



सोमवार को लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक के ग्राम पंचायत धुरागांव में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्थापित आजीविका सेवा केंद्र का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनायक गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने विधिवत फीता काटकर केंद्र का शुभारंभ किया।

इस कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख संगठन नोडल आईएफसी लक्ष्यद्वीप महिला क्लस्टर संगठन बड़ाजी एवं उसरीबेड़ा की सक्रिय सहभागिता रही। जिन्होंने ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु चलाए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। विधायक विनायक गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि यह आजीविका सेवा केंद्र न केवल रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगा बल्कि क्षेत्र की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगा। शासन की मंशा है कि ग्रामीण स्तर पर आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिले और इसके लिए हर संभव संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस सेवा केंद्र के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को मुर्गी पालन, मक्का की उन्नत खेती, सब्जी उत्पादन और अन्य लाभकारी फसलों की जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, बाजार से जोड़ने, बीज व तकनीकी सहायता प्रदान करने एवं समूह आधारित आजीविका गतिविधियों को आगे बढ़ाने की दिशा में यह केंद्र एक मजबूत कड़ी बनेगा। कार्यक्रम का संचालन ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। साथ ही सफल महिला समूहों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसमें उनके द्वारा उत्पादित वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक लच्छुराम कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, मण्डल अध्यक्ष मंगतुराम कश्यप, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रैतुराम बघेल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष लच्छिन यादव, जनपद सदस्य इड़मो राम मण्डावी, मण्डल महामंत्री चन्द्रशेखर ठाकुर, पंचानंद पाण्डेय, गुडडु राम, सकरू नाग, चेरगाराम बघेल, परमेश्वर नाग एवं अन्य में जनपद पंचायत के अधिकारीगण, सहकारी समिति के सदस्य, आशा-आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्व-सहायता समूहों की दीदियां तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी विशेष रूप से महिलाएं उपस्थित रहीं।

## कृषि विभाग के सारे ऑनलाइन कार्य ठप



**तोकापाल।** प्रांतीय कार्यकारिणी छग कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के आह्वान पर छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक संघ जिला बस्तर, कृषि अनुविभाग तोकापाल के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा 9 सूत्रीय मांग हेतु अपने चरणबद्ध आंदोलन के प्रथम चरण 8 और 9 सितंबर को काली पट्टी लगाकर कार्य किये तथा आज द्वितीय चरण में राजस्व अनुविभागीय अधिकारी तोकापाल एसडीएम को मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर आज दिनांक से सारे ऑनलाइन कार्यों को बहिष्कार करने का निर्णय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों ने किया गया है।

# पार्षद मनोज पालिका में नेता प्रतिपक्ष हुए नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

लगातार तीन बार से निर्वाचित पार्षद मनोज साहा को जिला कांग्रेस कमेटी ने नगरपालिका में नेता प्रतिपक्ष के पद पर नियुक्ति प्रदान की है। वे अब कांग्रेस पार्षद दल का नेतृत्व करेंगें। इस आशय का पत्र सोमवार को पालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को कांग्रेसी पार्षदों व कांग्रेस जनों की उपस्थिति में दिया गया। कांग्रेस पालिका में आमजनों की समस्या के निराकरण, भ्ष्टाचार्र के मुद्दों व पालिका में भाजपा के भराशांही क्रियाकलापों को पुरजोर विरोध करने की रणनीति तैयार कर विरोध किया जाएगा। नगरपालिका कार्यालय में नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति पत्र सौपने के दौरान वरिष्ठ पार्षद व जिला महामंत्री सलीम रजा उस्मानी, जिला महामंत्री संतोष दुबे, पार्षद संजीव साव,युवा कांग्रेस जिला महासचिव अविनाश सरकार, पार्षद विजय भोगामी, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष उस्मान खान, फिरोज नवाब, देवेंद्र नायक, ब्रम्हा सोनानी, आनंद सिंह, बालाजी डाकुआ, रघुकुमार, मुन्ना कर्मा सहित कांग्रेसी उपस्थित रहे।



## राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान अभियान का विशेष आयोजन

**बीजापुर।** राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान अभियान के अवसर पर 17 सितम्बर को जिला अस्पताल बीजापुर के ब्लड सेंटर में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, जिला संघ बीजापुर द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर रक्तदान कर किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने में सहयोग करें। शिविर में सहभागिता करने वाले रक्तदाताओं को न केवल मानवीय संवेदना का संतोष मिलेगा, बल्कि उनका एक छोटा सा योगदान किसी परिवार के लिए बड़ी उम्मीद साबित हो सकता है।

# युवाओं को राज्य के गौरव से कराया गया परिचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा



छग राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर शासकीय नवीन महाविद्यालय कोण्टा में रजत जयंती महोत्सव बड़े उत्साह, उल्लास और सहभागिता के साथ आयोजित किया गया।

छग शासन एवं उच्च शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षाविद, जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं, पूर्व छात्र, समाजसेवी और स्थानीय संगठन जुड़े। तीन दिनों तक चले इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों, भविष्य की दिशा और युवाओं की सहभागिता पर व्यापक विमर्श हुआ। अंतिम दिन रजत जयंती तक का सफर रैली आयोजित की गई। महाविद्यालय परिसर से कोंटा बाजार होते हुए अटल चौक तक निकाली गई इस रैली में जनपद पंचायत अध्यक्ष कुसुमलता कवासी, सदस्य सविता पंडा, वरिष्ठ नागरिक राजबाबु, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पी विजय, सांसद प्रतिनिधि पण्डा अनुराग, प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएं और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक शामिल हुए। इस महोत्सव को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजक प्रो. शशिकांत ध्रुवे, कार्यक्रम संचालक प्रो. दुष्यंत कुमार, अतिथि व्याख्यातागण सहित सभी संकायों के शिक्षक, छात्र और स्वयंसेवकों ने सक्रिय योगदान दिया।

# राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में कोण्डागांव का दमदार प्रदर्शन



**कोण्डागांव।** बिलासपुर में 13-14 सितंबर को आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय सब-जूनियर एवं कैडेट जूडो प्रतियोगिता में कोण्डागांव जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 15 पदक अपने नाम किए। 7 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य पदकों के साथ कोण्डागांव की टीम ने प्रथम रनर-अप की ट्रॉफी जीतकर जिले का नाम पूरे राज्य में रोशन किया। इस प्रतियोगिता में कोण्डागांव के खिलाड़ी हर वर्ग में छाए रहे। स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में गोमती नाग, ललेश्वरी वडडे, ममता नेताम, योगिता मांडवी, विशिष्टा राजपूत, हेमवती नाग और रंजीता करोटी शामिल रहीं। वहीं रजत पदक वेदांत ठाकुर, राजवीर वरने, नवीन बर्मन, मोहित भास्कर और भूमिका शर्मा को मिले। कांस्य पदक विजेताओं में ख्वाहिश रामटेके, लेखा नेताम और चंद्रप्रभा ठाकुर का नाम शामिल है।

# श्रम विभाग के शिविर में 180 श्रमिकों का हुआ इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



रजत जयंती वर्ष के अवसर पर श्रम विभाग द्वारा विकासखंड भैरमगढ़ के शिविर स्थल नया बाजार में श्रमिकों के हित में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 180 श्रमिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इस दौरान 136 श्रमवीरों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, वहीं 35 श्रमिकों का नया पंजीयन कर उन्हें योजनाओं से जोड़ा गया। श्रम पदाधिकारी ओम ब्यास नेताम एवं श्रम निरीक्षक सोपान करनेवार की उपस्थिति में शिविर सम्पन्न हुआ। वहीं अगला शिविर 19 सितम्बर को सांस्कृतिक भवन, बीजापुर में आयोजित किया जाएगा।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### दिल्ली हिंदी सम्मेलन में जिले की शिक्षिका हुईं सम्मानित

**नरहरपुर।** प्रेरणा हिन्दी प्रचारिणी सभा के तत्वाधान में लाल किले के पास हिन्दी दिवस 14 सितम्बर को राष्ट्रभाषा हिन्दी विषयक अभिव्यक्ति सभा आयोजित की गई, जिसमें कांकेर जिला के नरहरपुर ब्लाक के बालक आश्रम चरभट्टी की शिक्षिका ममता साहू सम्मानित हुई। विगत अनेक वर्षों से हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए पूरे देश में अभियान चला रहे प्रेरणा हिन्दी प्रचारिणी सभा के संस्थापक कवि संगम त्रिपाठी, राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप मिश्रा अजनबी एवं पूरे देश से आए प्रतिनिधियों द्वारा हिन्दी को शीघ्र राष्ट्रभाषा बनाने के लिए भारत सरकार से अनुरोध किया गया।

### अवंतीबाई स्मृति पुरस्कार के लिए प्रविष्टि 26 तक आमंत्रित

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं में विशेषकर वीरता, शौर्य, साहस तथा महिलाओं में आत्मबल को सशक्त करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की महिलाओं को प्रतिवर्ष वीरागंना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार प्रदान किया जाता है, इसके लिए 26 सितम्बर 2025 तक प्रविष्टि आमंत्रित किया गया है। योजना के तहत एक महिला को 02 लाख रूपये की राशि तथा प्रशस्ति पत्र सम्मान के रूप में प्रदान किये जाने का प्रावधान है। इस संबंध में अधिक जानकारी विभागीय वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### माता कलारिन सम्मान के लिए आवेदन 26 तक आमंत्रित

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष, नारी उत्थान हेतु अभूतपूर्व कार्य करने वाली राज्य की महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए माता बहादुर कलारिन सम्मान वर्ष 2025 के लिए 26 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके तहत महिलाओं को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से प्रतिवर्ष राज्य अलंकरण समारोह में एक महिला को 02 लाख रूपये की राशि तथा प्रशस्ति पत्र सम्मान स्वरूप प्रदान किया जाता है। उक्त सम्मान के संबंध में विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों का विरोध तेज

**जगदलपुर।** ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों ने 9 सूत्रीय लंबित मांगों कि पूर्ति के लिए प्रांतीय आह्वान पर ज्ञापन सौंपा। शासन के ध्यानाकर्षण हेतु पिछले दिनों काली पट्टी लगाकर कार्य किया गया था।

## निधन

### समुदा बाई मानिकपुरी

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल के मंडागांव निवासी समुदा बाई मानिकपुरी का आकस्मिक निधन हो गया, वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम मंडागांव में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी रिश्तेदार शामिल हुए।

**आंदोलन :** संघ चेतावनी दी यदि मांग शीघ्र पूरी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा

# संसाधन भत्ता से वंचित कृषि अधिकारियों ने किया ऑनलाइन काम का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

कृषि विभाग के मैदानी और कार्यलय कामकाज में संकट गहराएगा। आश्वासनों के बावजूद भी पिछले कई वर्षों से कृषि अधिकारियों को तकनीकी संसाधन मुहैया नहीं कराए जाने के खिलाफ ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार शुरू हो गया है।

छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ ने इसके लिए पहले ही अल्टीमेटम ज्ञापन सौंप चुका है। तकनीकी संसाधनों के अभाव में प्रदेश भर के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ऑनलाइन कार्यों का बायकॉट करेंगे, जिससे विभागीय कामकाज पर सीधा असर पड़ना तय है। दूसरी तरफ मौजूदा धान खरीदी के सीजन में किसानों के नवीन धान पंजीयन, आधार सत्यापन, किसान नाम स्पेलिंग, त्रुटि सुधार रकबा, संशोधन मंडी में धान बिक्री करते समय किसानों का फिंगर नही बताने की स्थिति में कृषि अधिकरियों द्वारा ही ऑनलाइन बायोमेट्रिक फिंगर लगा कर किसानों की धान खरीदी सम्भव हो पाती है। धान खरीदी नोडल अधिकारी, ऑनलाइन सत्यापन, गिरदावरी ऑनलाइन



वेरिफिकेशन, पीएम फसल बीमा योजना ऑनलाइन मिट्टी जांच एंट्री नियदनेल्ला नार डैश बोर्ड एंट्री पीएम सम्मान निधि योजना नवीन पंजीयन इकेवाईसी आधार सीडिंग लैंड सीडिंग समेत कृषि से सम्बंधित योजनाएं प्रभावित होगी कृषि अधिकारी संघ ने ऑनलाइन कार्यों के बहिष्कार को लेकर मुख्यमंत्री मंत्री और कृषि मंत्री को एसडीएम भानुप्रतापपुर के माध्यम से ज्ञापन सौंप दिया है। ऑनलाइन कार्यो के बहिष्कार के वजह से कृषि विभाग के कार्यों पर असर पड़ेगा। ऑनलाइन काम पूरी तरह से ठप पड़ने से किसानों को भटकना पड़ सकता है। मोबाइल एप के जरिए ऑनलाइन कृषि से संबंधित कार्यों फसल कटाई प्रयोग से संबंधित कार्य होते है, जिसमें ज्यादातर कार्य कम्प्यूटर या ऑनलाइन एप के जरिए ही किए जाते है। यह सभी कार्य कृषि अधिकारियों के जरिए ही संभव हो पाता है।

प्रांतीय आव्हान पर संसाधन मुहैया नहीं होने से नाराज कृषि अधिकारियों द्वारा शासकीय अधिकारी कर्मचारी वाट्स एप ग्रुप में भी जानकारी सूचनाओं का आदान प्रदान नही होने से कृषि विभाग का कार्य ठप्प पड़ जाएगा। एसडीएम ज्ञापन सौंपने के दौरान बालक अध्यक्ष पदमनी नेताम, अमिनेश गावड़े, सुषमा नरेटी, कविता सिंहा, किरण भंडारी, प्रवीण कवाची, अमित चौधरी, धनंजय साहू, कुलदीप साहू, राकेश शोरी उपस्थित रहे।

### कृषि अधिकारियों ने किया ऑनलाइन काम का बहिष्कार, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**चारामा।** कृषि विभाग के मैदानी और कार्यालय कामकाज मे 15 सितम्बर से संकट गहराएगा। आश्वासनों के बावजूद भी पिछले कई वर्षों से कृषि अधिकारियों को तकनीकी संसाधन मुहैया नहीं कराए जाने के खिलाफ ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार कर्मचारियों ने शुरू कर दिया हैं। छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के द्वारा इसके लिए पहले ही अल्टीमेटम ज्ञापन दिया जा चूका है। तकनीकी संसाधनों के अभाव में प्रदेश भर के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषि विकास अधिकारी 15 सितम्बर से ऑनलाइन कार्यों का बायकॉट कर दिया हैं, जिससे विभागीय कामकाज पर सीधा असर पड़ेगा। दूसरी तरफ मौजूदा धान खरीदी के सीजन में किसानों के नवीन धान पंजीयन, आधार सत्यापन, किसान के नाम और स्पेलिंग त्रुटि सुधार, रकबा संशोधन, मंडी में धान बिक्री करते समय किसानों का फिंगर नही बताने की स्थिति में कृषि अधिकरियों द्वारा ही ऑनलाइन बायोमेट्रिक फिंगर लगा कर किसानों की धान खरीदी सम्भव हो पाती है। धान खरीदी नोडल अधिकारी ऑनलाइन सत्यापन,गिरदावरी ऑनलाइन वेरिफिकेशन,पीएम फसल बीमा योजना, ऑनलाइन मिट्टी जांच एंट्री,नियदनेल्ला नार डैश बोर्ड एंट्री,पीएम सम्मान निधि योजना, नवीन पंजीयन, इकेवाईसी, आधार सीडिंग, लैंड सीडिंग समेत कृषि से सम्बंधित योजनाएं प्रभावित होगी। कृषि अधिकारी संघ ने ऑनलाइन कार्यों के बहिष्कार को लेकर मुख्यमंत्री मंत्री और कृषि मंत्री के नाम एसडीएम चारामा के माध्यम से ज्ञापन सौपा। ऑनलाइन कार्यो के बहिष्कार के वजह से कृषि विभाग के कार्यों पर असर पड़ेगा। ऑनलाइन काम पूरी तरह से ठप पड़ने से किसानों को भटकना पड़ सकता है। मोबाइल एप के जरिए ऑनलाइन कृषि से संबंधित कार्यों, फसल कटाई प्रयोग से संबंधित कार्य होते हैं, जिसमें ज्यादातर कार्य कम्प्यूटर या ऑनलाइन एप के जरिए ही किए जाते हैं, यह सभी कार्य कृषि अधिकारियों के जरिए ही संभव हो पाता है। संसाधन मुहैया नहीं होने से नाराज कृषि अधिकारियों द्वारा शासकीय अधिकारी कर्मचारी वाट्स एप ग्रुप में भी जानकारी सूचनाओं का आदान प्रदान नही होने से कृषि विभाग का कार्य ठप्प पड़ जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान कंवल सिंह कश्यप, दुर्गेश सलाम, तामेश साहू, राजकुमार सिन्हा एवं समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कमलेश गंजीर, टेमन सिन्हा, संजय कुर्रे, हिमांशु मंडावी, पुष्पलता कुंजाम, पुष्पलता पोया, होमेश्री चंदेल, विवेक गंगवाल, बीरेंद्र बघेल, धनीराम निषाद, महेश सोनकर उपस्थित रहे।

## कृषि अधिकारी संघ ने सरकार से माँगों को पूरी कराने किया दो दिवसीय प्रदर्शन



**पखांजूर।** कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ ने अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है। संघ ने विरोध स्वरूप 8 और 9 सितंबर को काली पट्टी पहनकर काम किया, लेकिन उनकी मांगें अभी तक पूरी नहीं हुई हैं।

संघ ने कहा है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, तब तक वे बिना संसाधन भत्ते के ऑनलाइन काम नहीं करेंगे। संघ का कहना है कि उनकी मांगें कर्मचारी और किसान दोनों के हित में हैं, और उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द इन पर निर्णय लेने का आग्रह किया है। इस ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों और कृषि विकास अधिकारियों ने सरकार से उम्मीद जताई है कि वे उनकी जायज मांगों पर ध्यान देंगे और सहयोग करेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रांत उपाध्यक्ष रथींद्रनाथ बैनर्जी, ब्लॉक अध्यक्ष नारायण हालदार, उत्तम सरकार, मानिक साहा, दीपांकर मिस्त्री, रथिन विश्वास, विनायक बैरागी एवं संघ के समर्थन में थनेंद्र कोमा, सुजीत कर्मकार उपस्थित रहे।



## कोसपराली में रंगमंच, पुलिया निर्माण व टावर की मांग की

**दुर्गुकोंदल।** कोसपराली के ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन देने विधायक सावित्री मंडावी के निवास पहुंचे। उनकी मुख्य मांगों में ग्राम कोसपराली में रंगमंच का निर्माण, पंचागी से कोसपराली नाला पर पुलिया निर्माण और पंचागी गांव में जिओ टावर की स्थापना शामिल हैं। ग्रामीणों ने विधायक सावित्री मंडावी को बताया कि गांव में सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए कोई उचित स्थान नहीं है। रंगमंच के निर्माण से ग्रामीणों को एक स्थायी मंच मिलेगा। पंचागी से कोसपराली नाला पर पुलिया न होने से ग्रामीणों को खासकर बरसात के दिनों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यह पुलिया गांवों को जोड़ने और आवागमन में सहूलियत के लिए बेहद जरूरी है। पंचागी में जिओ नेटवर्क की कमी से शिक्षा, व्यापार और अन्य कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। जिओ टावर की स्थापना से डिजिटल कनेक्टिविटी बेहतर होगी। ग्रामीणों ने समस्याओं के समाधान के लिए पहले भी कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई गई, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। विधायक सावित्री मंडावी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर प्राथमिकता से विचार किया जाएगा और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। ग्रामीण उम्मीद कर रहे हैं कि उनकी आवाज़ सुनी जाएगी और जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान होगा। इस दौरान सरपंच जैन पूड़ो, अजय बेसरा, देवा दुग्गा, सगोबाई, इंद्र पूड़ो, राजबत्ती हिड़को आदि मौजूद रहे।

## तालाकुर्रा प्रांतीय संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता की विजयी टीम पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

तालाकुर्रा में इतिहास में पहली बार दो दिवसीय 13 से 14 सितंबर तक राज्यस्तरीय संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और विजयी टीम को अतिथियों ने पुरूस्कृत भी किया।

रामधुनी का शुभारंभ पं भेषमनी द्विवेदी एवं ग्राम गायता देवनाथ नुरेटी, सरपंच विनोद रावटे, ग्राम पटेल जोगीराम नुरेटी, मोहन नुरेटी, सरजू राम जैन, वरुण यदु, तुकाराम कुलदीप, मनराखन पदमाकर, महादेव यदु के द्वारा विधि विधान से भगवान प्रभु श्रीरामचंद्र, माता सीता, हनुमंत लाल, रामायण, भगवान शंकर भोले बाबा की प्रतिमा को झूले में स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा एवं रामधुनी दीप प्रज्वलितकर किया गया। समापन पर जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा ईश्वर कावड़े, अशोक कचलाम, नितेश सलाम, उमेश साहू, डिकुंतला साहू, अमरसिंग बढ़ाई पटेल, माखन मण्डावी पटेल, सौरभ ठाकुर, रामचरण नायक अतिथि रहे। राज्य स्तरीय भव्य संगीत में रामधनी प्रतियोगिता में राज्य के कोने-कोने से ख्याति प्राप्त



रामधुनी मंडलियों द्वारा भगवान गणेश, श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, माता दुर्गा, महाकाली, ब्रह्मा, विष्णु, महेश देवी देवताओं एवं राक्षसों का आकर्षक झांकियां के साथ भगवान श्रीराम की धुनी लिए भजनों एवं सुरमधुर से संगीतों के साथ सचित्र वर्णन करते हुए बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दिया, जिससे पूरा ग्राम एवं क्षेत्र के भक्ति के रस में डूब गए आत्मसात करने गांव के साथ-साथ बहुत दूर-दूर से श्रद्धालुगण पहुंचे थे और आत्मसात कर रहे थे एवं सफल उद्घोषक अपने मधुर वाणी से मंच को जोड़ कर रखें।

उपसरपंच जितेंद्र साहू, दीनदयाल यदु शिक्षक एवं आयोजन समिति द्वारा इस प्रतियोगिता में झांकी पक्ष और गायन पक्ष में प्रथम से लेकर तृतीय स्थान प्राप्त मंडलों को आकर्षक इनाम एवं निर्णायक राधेश्याम यदु, रमेश कुलदीप, देवप्रसाद यदु, भीम भुवार्य के द्वारा घोषणा की गई है, जिसमें झांकी में प्रथम पुरस्कार 3501 रूपए जय माँ त्रिपुर राधा रामधुनी मंडली परेवाडीह राजनांदगांव, द्वितीय 2501 रूपए, श्रद्धा के फूल खड़गांव संबलपुर और तृतीय 1501 रूपए जय माँ सरस्वती रामधुनी भर्रीगांव को मिला। गायन में प्रथम 2501 रूपए लोक संस्कृति माटी के मितानअंटग, द्वितीय 1501 रूपए मोर संगवारी रामधुनी मंडली मुनईकेरा सिहावा और तृतीय 1001 रूपए मधुरमय संस्कृतिक रामधुनी मंडली बनरोद ने हासिल किया। प्रदेश भर की 17 मंडलियों ने हिस्सा लिया एवं सभी मंडलों को समिति द्वारा प्रोत्साहन राशि दिया गया।

## वनाधिकार पत्रक के लिए पंचायतों में प्रदर्शन कर सौंपा रहे हैं ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजूर



पंचायतों में ग्रामसभा आयोजित करने की मांग

वनाधिकार संघर्ष मंच के आव्हान के तहत परोलकोट के विभिन्न पंचायतों में ग्रामीणों द्वारा वनाधिकार पत्रक के लिए प्रदर्शन कर सरपंच और सचिव को ग्राम सभा आयोजित करने का मांग कर रहे है। मंच के आव्हान पर अभी तक अनेकों पंचायतों में ज्ञापन सौंपा गया है। इसी क्रम में सीताराम पंचायत में आदिवासियों ने ग्राम सभा आहूत करने के लिए प्रदर्शन कर सरपंच को ज्ञापन सौंपा है। मंच के अध्यक्ष छोटेलाल टांडिया और संयोजक महेश्वर शर्मा ने एक संयुक्त प्रेस बयान जारी कर बताया कि विगत 11 सितंबर से आज दिनांक तक विभिन्न पंचायतों में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने एकत्रित होकर सरपंच सचिव को ग्राम सभा आयोजित करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी बहुल क्षेत्र में वनभूमि पर काबिज हजारों की संख्या में आदिवासियों को विगत 19 वर्षों से वनाधिकार पत्रक से वंचित रखा गया है। वनाधिकार कानून के मुताबिक वनाधिकार पत्रक देने का काम शासन प्रशासन का है, लेकिन शासन प्रशासन की लापरवाही और उदासीन रुख के कारण ही आज क्षेत्र के गरीब आदिवासियों को वनाधिकार पट्टा नहीं मिल पाया है। दोनों नेताओं ने कहा कि देश में सबसे अधिक वनाधिकार पत्रक वितरित करने का श्रेय लेने वाली छत्तीसगढ़ सरकार को वास्तविकता से रूबरू होना चाहिए। पूरे प्रदेश में लाखों की संख्या में आदिवासी और अन्य परंपरागत वन निवासियों को वनाधिकार पत्रक भी नहीं मिला है। नेताओं ने वनाधिकार पत्रक के वितरण में हुई विसंगतियों का हवाला देते हुए कहा कि जो कब्जाधारी तीन या पांच एकड़ भूमि पर कब्जा किए है उनको तीस एवं चालीस डेसिमल भूमि का पट्टा दिया गया है। उन्होंने वनविभाग के कर्मचारियों पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि वनविभाग के कुछ निहित स्वार्थी कर्मचारी उन भूमि का पट्टा देने से रोकता है। जहां पर पेड़ लगा हुआ है, जबकि कानून के मुताबिक जिस वनभूमि पर कब्जा है उस भूमि का पट्टा देना है। इसके साथ ही वनविभाग के कर्मचारी सीधे साधे ग्रामीणों पर नियमों के आड़ में धौंस जमाने की कोशिश करते रहते है। मंच के नेताओं ने कहा कि वनभूमि पट्टा के लिए ग्राम सभा को ही पूरा अधिकार प्राप्त है। अगर ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित होता है फिर उसे कोई निरस्त नहीं कर सकता है, लेकिन कुछ निहित स्वार्थी लोग इस नियम को पालन करने को तैयार नहीं है। प्रदर्शन में सुधाकर मंडावी, सुधीश तिग्गा, सेला बाई, फूल भाई, सागनी बाई मंडावी, गुलाबी बाई, भुनेश्वरी ठाकुर, जेम्स टोप्पो सहित अनेकों लोग शामिल रहे।

### हर घर आयुर्वेद की थीम पर 17 को शिविर होंगे आयोजित

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में 'हर दिन हर घर आयुर्वेद' थीम पर शिशुओं व बच्चो को 17 सितम्बर दिन-बुधवार को पुष्य नक्षत्र में 'स्वर्ण प्राशन' कराया जाएगा। जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक विकास तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु स्वर्ण भस्म की एक निश्चित मात्रा बच्चों को निःशुल्क दी जाएगी। उन्होंने बताया कि स्वर्ण प्राशन आयुष विंग, शासकीय कोमलदेव जिला चिकित्सा कांकेर, आयुष पॉलीक्लीनिक कांकेर, आंगनबाड़ी केन्द्र भीरावाही सहित विकासखंड आयुष शिविर संबलपुर, आयुष शिविर लिलेझर, चारामा तथा आयुष केन्द्र कोडेकुर्से में 17 सितंबर आयोजित किया जाएगा।













